दैनिक भास्कर (08/02/2019)

आदिवासी युवा क्रीड़ा क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करें : राजकुमार

सीआरपीएफ के जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रखे विचार

ब्यूरो। गड़चिरोली.

आदिवासी युवा क्रीड़ा क्षेत्र में दिलचस्पी दिखाकर अपने जिले का नाम रोशन करें। यह अपील सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार ने की है। सीआरपीएफ द्वारा गड़चिरोली जिले में विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे है। इसके तहत गुरुवार को गड़चिरोली जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ के 192 बटालियन की ओर से सीवीक एक्शन प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वे इस अवसर पर बोल रहे थे। इस समय उपस्थित अतिथियों के हाथों नागरिकों को जीवनावश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डा. हरि बालाजी, अपर पुलिस अधीक्षक डा. मोहित गर्ग, जयसिंह, पी. के. साहू आदि अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान सीआरपीएफ के 192 और 113 बटालियन की ओर से चातगांव क्षेत्र के आदिवासी युवाओं के लिये वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन किया गया था। जिसमें गिरोला की टीम ने प्रथम क्रमांक हासिल किया। विजेताओं को उपस्थित अतिथियों के हाथों टीम के खिलाड़ियों को 3 हजार नकद और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर रही गटेपल्ली की टीम को 2 हजार और पुरस्कार तथा खुटगांव व कटेझरी की टीम को 1 हजार और पुरस्कार वितरण किया गया। इसके अलावा चातगांव क्षेत्र के नागरिकों को जीवनावश्यक सामग्री का वितरण किया गया। वहीं बटालियन द्वारा आयोजित वॉलीबाल स्पर्धा के विजेताओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस क्षेत्र के गांवों को सोलर सिस्टम का वितरण किया गया। बता दें कि, सीआरपीएफ की ओर से सुशिक्षित आदिवासी युवाओं के लिये गड़चिरोली के श्री कंप्यूटर में कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिये सीआरपीएफ के 192 बटालियन के अधिकारी और जवानों ने प्रयास किया।

लोकमत समाचार

उपक्रम ● सीआरपीएफ का सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन

जरूरतमंद ग्रामीणों को सामग्री का वितरण

गढ़चिरोली। 7 फरवरी । लोस

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 192 और 113 बटालियन की ओर से गुरुवार को बटालियन के कैम्प परिसर में सिविक एक्शन कार्यक्रम 2018-19 का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के तहत जरुरतमंद ग्रामीण और विद्यार्थियों को जरुरी सामग्री बटालियन के पश्चिम क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार के हाथों से वितरित की गई.

विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महानिरीक्षक राजकुमार व अन्य.

इस समारोह के दौरान बटालियन के उपमहानिरीक्षक संजयकुमार, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक श्रीहरि बालाजी, डॉ. मोहित गर्ग, बटालियन के कमांडेंट जयसिंह, 113 बटालियन के कमांडेंट एस. शिवशंकर, उपकमांडेंट डी. के. साहू, उपकमांडेंट संध्यारानी, उपकमांडेंट के. एस. खुराना सहित अन्य मान्यवर उपस्थित थे. बटालियन 192 और 113 वाहिनी की ओर से धानोरा तहसील के ग्राम चातगांव में स्कूल में क्रीड़ा स्पर्धा ली गई थी. इस स्पर्धा में कटेझरी, खुटगांव, चातगांव, गिरोला, कटेपायली सहित अन्य गांवों की टीम शामिल हुई थी. इसमें गिरोला की टीम विजेता बनी तो गट्टेपायली की टीम उपविजेता थी. स्पर्धा के सभी विजेताओं को पुरस्कारसे नवाजा गया. कटेझरी और खुटगांव की टीमों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया.

192 बटालिनय की ओर से 40 ग्रामीणों को कंबल, कैरम, बर्तन और स्कूली छात्रों के लिए खेल सामग्री बांटी गई तो 60 महिलाओं को भी 113 बटालियन की ओर से बर्तन, कंबल, सोलर लैम्प और अन्य सामग्री का वितरण पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार के हाथों से किया गया. ग्रामीणों का पुलिस के साथ समन्वय और जनजागृति का कार्य सीआरपीएफ की पांच बटालियन नियमित कर रही है.

Apna Vidarbha
Page No. 4 Feb 08, 2019
Powered by: erelego.com

नवभारत

CRPF ने एटापल्ली में लिया खेल महोत्सव

खेल व जीवनोपयोगी सामग्री वितरित

एटापल्ली (सं). केंद्रीय आरक्षित पुलिस दल 191 बटालियन द्वारा आयोजित सिविक एक्शन अंतर्गत खेल महोत्सव आयोजित किया गया. इस दौरान विभिन्न स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरित हुआ. कार्यक्रम में जरूरतमंदों को जीवनापयोगी सामग्री बांटी गई. कार्यक्रम में 191 बटालियन के कमांडंट प्रभाकर त्रिपाठी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी किरण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार शर्मा, उपकमांडंट चंचल परवाना, डा. नितेश परचाके, महेंद्र पराते, शहाजहांन पी.के. सहा. कमा. निरीक्षक, रामकेश मीना, अशोक गुर्जर, उपनिरीक्षक आर.एन. यादव आदि उपस्थित थे. महोत्सव जिला परिषद शाला के मैदान में हुआ. कबड्डी, खो-खो, वालीबाल, फुटबाल व विभिन्न स्पर्धाओं में विभिन्न स्कूलों की 30 टीमों ने हिस्सा लिया. सहभाग में करमे, तुमारगुंडा, जीवनगट्टा, क्रिष्णार, मरपल्ली, वासामुडी, जवेली, डुम्मे, पंदेवाही, ताटीगुडम, पुनागुडा, तांबडागोटा, गुरुपल्ली आदि गांवों के विद्यार्थियों ने भाग लिया.

Navabharat Chandrapur Plus Edition
10 Feb, 2019 Page No. 2